तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 मई 2025

14 गायत्री परिवार की पहल : नेत्र शिविर में 332 लोगों ने ...



14 समाधान शिविर में ग्रामीणों ने रखी अंचल की समस्याएं





**आवश्यकता है**

कुरियर कंपनी को ऑफिस कार्य / पार्सल वितरण कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है।

वेतन - पार्सल बेस 15-14 रूपये + इन्सेन्टिव राशि + सैलरी बेस

संपर्क

एक्सप्रेस विज कुरियर

मीशो कुरियर (बलौदाबाजार)

7354384936, 7566091245

## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवार के लिए 4 लाख आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम अर्जुनी निवासी राज कोरी पिता राजेन्द्र कोरी की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पिता राजेन्द्र कोरी पिता ढंनगू राम को 4 लाख आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### एक्सीडेंट में ड्राइवर की मौत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे आ रही माजदा वाहन उससे जा टकराई, जिससे ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 27 मई को अज्ञात वाहन के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक अचानक ब्रेक मारने से पीछे-पीछे चल रही माजदा क्रमांक ओडी 17 एसी 4561 उससे टकरा गई। जिसके चलते माजदा वाहन चला रहे ड्राइव मकरध्वज बारीक की मौत हो गई। सरायपाली थाने में मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

# पूर्व विधायक शकुंतला ने निभाया बेटे का फर्ज : मां की अर्थी को दिया कंधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कसडोल की पूर्व विधायक के घर में हुए हृदय विदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। पूर्व विधायक और वर्तमान में जनता की सेवा में समर्पित शकुंतला साहू की माता लीला देवी साहू का बुधवार की सुबह 10.30 बजे करंट से निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वे घर पर काम कर रही थीं। उसी दौरान उन्हें बिजली का करंट लग गया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

अलग खबर

## करंट लगने से हुई थी मां लीला देवी की मौत



### विधि-विधान के साथ किया अंतिम संस्कार

श्मशान घाट में मां के अंतिम संस्कार की सभी विधियों को शकुंतला साहू ने पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न किया। एक बेटी का मां के प्रति ऐसा समर्पण, ऐसा कर्तव्य- बोध विरले ही देखने को मिलता है। उनके इस कदम ने पारंपरिक मान्यताओं को तोड़ते हुए यह साबित किया कि संतान का प्रेम, सेवा और जिम्मेदारी किसी लिंग के आधार पर तय नहीं होते। इस मौके पर संदीप साहू, विधायक सुमित्रा धृतलहरे, हितेंद्र ठाकुर, खिलेंन्द्र वर्मा, सुनील कुर्रे, झड़ी राम कन्नौजे, लोकेश कन्नौजे, सुनील साहू, जिला अध्यक्ष साहू समाज हेमंत साहू, भाजपा नेता रोहांसी गोपी साहू, नंदेश्वर साहू, नपं अध्यक्ष द्वय रेवा राम साहू, महेश्वरी कुर्रे, सुकालू यद्दु, लक्ष्मीनाथ साहू, बिसेसर वर्मा, अमृत सांय, पिकेंन्द्र साय, कृपा राम साहू, लेखराम साहू, भरत साहू और ऋषि साहू मौजूद रहे।

पूर्व विधायक शकुंतला साहू, जो अपने माता-पिता की दो संतानों में बड़ी संतान हैं और दोनों ही बेटियां है, उनका भाई नहीं है। उन्होंने इस कठिन घड़ी में न केवल संयम और साहस का परिचय दिया। बल्कि समाज को एक सशक्त संदेश भी दिया। उन्होंने बेटे का फर्ज निभाते हुए अपनी मां की अर्थी को कंधा दिया। एक ऐसा दृश्य जिसने उपस्थित हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं। घर से लेकर श्मशान घाट तक, विधायक साहू ने रोते हुए मां की अर्थी को अपने कांधे पर उठाकर चली। इस दौरान गांव के हर कोने से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दुख और भावुकता का ऐसा माहौल था कि हर आंख आंसुओं से भीगी हुई थी।

## हादसा : बलौदाबाजार-भाटापारा मार्ग पर दिनों दिन बढ़ रही दुर्घटनाएं

# दो बाइक में भिड़ंत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रवान

बलौदाबाजार-भाटापारा मुख्य मार्ग इन दोनों हादसों का मार्ग बन गया है। सोमवार शाम लगभग 6.30 से 7.30 के बीच में बलौदा बाजार भाटापारा मुख्य मार्ग में दो दुर्घटनाएं हुई। पहली घटना खैरताल, अमरईया, अंधे मोड़ के पास दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई, जिसमें भद्रापाली के राकेश मानिकपुरी 25 वर्ष व रावत निषाद 45 वर्ष ग्राम मिर्गी दोनों वाहन चालकों को गंभीर छोटे आना बताया जा रहा है।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ग्राम भद्रापाली निवासी राकेश मानिकपुरी अर्जुनी से आ रहा था, वही रावत निषाद सोनाडीह सीमेंट प्लांट से काम खत्म कर घर आ रहा था। इसी बीच खैरताल मोड़ के पास में दोनों के बीच भिड़ंत हो गई। जिसे आसपास के लोगों द्वारा एम्बुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की रफ्तार सामान्य थी, परंतु भारी वाहनों के आवाजाही के कारण

सड़क के दबे होने से वाहन अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गए। दूसरी घटना रवान के ओमकार पेट्रोल पंप के मोड़ पास भी तेज रफ्तार दो वाहनों में भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्राम मल्दी निवासी नीरज वर्मा अर्जुनी से बलौदा बाजार जा रहा था, वही करण प्रताप 30 वर्ष यूपी गाजीपुर निवासी व यशवंत देवांगन 31 वर्ष ग्राम रवान दोनों रवान से अर्जुनी जा रहे थे। इस भिड़ंत में घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि नीरज वर्मा इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे जिला चकित्सालय रायपुर रेफर किया गया है। नीरज वर्मा की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं करण प्रताप को भी गंभीर छोटे आना बताया जा रहा है, जिसे रायपुर रेफर किया गया है।





करण प्रताप यूपी गाज़ीपुर स्थानीय सीमेंट संयंत्र के थर्मो इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन में काम करता था। ग्रामीणों ने बताया की पेट्रोल पंप के पास निर्माण काम चल रहा है जिसके चलते हैं सड़क के दोनों ओर रेती गिट्टी का ढेर लगा हुआ है। साथ ही खतरनाक मोड़ जिससे दोनों वाहनों में जबरदस्त भिड़ंत हुई है।

### मार्ग पर रहता है भारी वाहनों का दबाव

गौरतलब है कि बलौदाबाजार भाटापारा मुख्य मार्ग में दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। यह मार्ग जिला मुख्यालय पहुंचने का मुख्य मार्ग होने के साथ-साथ जिले में स्थापित सीमेंट संयंत्र पहुंचने का भी मुख्य मार्ग है। इसके चलते इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव रहता है। इस मार्ग में रोजाना सैकड़ों माल वाहक वाहनों का आना-जाना लगा रहता है, जिसके चलते दुर्घटनाएं बढ़ने लगी है। इसके अलावा भारी वहनों के आवागमन से सड़क अंदर धंस गई है, इसके चलते वाहन चालक अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### 18 माह में 417 मौत

ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में 578 सड़क हादसों में 283 मौतें और 421 घायल हुए। वर्ष 2023 में 541 दुर्घटनाएं 287 मौत और 449 घायल हुए। वर्ष 2024 में 629 हादसों में 281 मौत और 463 लोग घायल हुए। इस तरह इस साल 2025 में पहले साढ़े 4 महीनों में ही 281 दुर्घटनाएं हो चुकी है। इनमें 136 लोगों की मौत हुई है। 186 लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। साफ है कि 18 महीना में ही 417 मौत बलौदा बाजार की सड़कों पर हो चुकी है। उसके बावजूद ठोस सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति गंभीर है। आंकड़े कह रहे हैं कि सुधार की जरूरत है।

# 10 जुआरी गिरफ्तार, 33,390 रुपए और 5 बाइक जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से समाधान सेल का गठन किया गया है। यह योजना आम नागरिकों को सीधे तौर पर पुलिस से जोड़ते हुए अपराध की सूचना देने का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है। समाधान सेल के हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से लगातार अपराधियों की धरपकड़ में सफलता प्राप्त हो रही है।

- समाधान सेल की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

इसी कड़ी में समाधान सेल को मिली गोपनीय सूचना पर 27 मई को साइबर सेल एवं थाना लवन पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम खैंदा खार में दबिश दी। मौके पर 10 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 33,390 नगद राशि, 52 पत्ती ताश एवं 5 मोटरसाइकिल जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में विजय सोनवानी 32 वर्ष, जुगरू बंजारे 55 वर्ष, रमेश कुर्रे 34 वर्ष, संजय टंडन 25 वर्ष, छत्तु भारती 28 वर्ष, टिकेश्वर धृतलहरे 24 वर्ष, बंसू भारती 45 वर्ष सभी ग्राम जुड़ा थाना लवन और ललित कुमार बारेन 29 वर्ष ग्राम ढाबाडीह, थाना लवन, उमेश वर्मा ग्राम बगबुडा तथा ओम प्रकाश मनहरे उर्फ मोनो ग्राम डोटोपार थाना सिटी कोतवाली के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 तथा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है।

# यात्री बस दवा दुकान में घुसी





**बलौदाबाजार।** बुधवार देर शाम लगभग 9 बजे रायपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार यात्री बस ने अंबेडकर चौक स्थित एक झोपड़ीनुमा होटल को टक्कर मारते हुए बगल में स्थित एक दवा दुकान में घुस गई। घटना की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बस सीधे दुकान के अंदर जा घुसी, जिससे दुकान को भारी नुकसान पहुंचा है।

गनीमत रही कि दुर्घटना के समय होटल बंद था, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार बहुत अधिक थी और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। टक्कर के बाद चालक मौके से फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक दुर्घटना के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही किसी के घायल होने की आधिकारिक जानकारी प्राप्त हुई है। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है और बस चालक की तलाश जारी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि अंबेडकर चौक जैसे व्यस्त क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को और सख्त किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# नियम विरुद्ध नहर पार को काट कर नहर लाइनिंग कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

जल संसाधन विभाग द्वारा ग्राम टुंडरी में नहर लाइनिंग निर्माण कार्य में नियम विरुद्ध तरीके से नहर पार को काटकर इसी मिट्टी से नहर लाइनिंग कार्य किया जा रहा है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

- ठेकेदार की मनमानी आयी सामने, किसानों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की

जानकारी के अनुसार ग्राम टुंडरी में नहर क्रमांक 10 में नहर लाइनिंग का कार्य जल संसाधन विभाग के संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा 30 से 35 साल पुराना नहर पार को ही काटकर इसी मिट्टी से नहर लाइनिंग का कार्य किया जा रहा है, जबकि जानकारों की माने तो नहर पार को किसी भी सूरत में काटा नहीं जा सकता, क्योंकि इसमें किसानों को एवं उनके साधनों को गाड़ियों, ट्रैक्टर, बैलगाड़ी, हार्वेस्टर सभी को इस नहर पार से होकर आना-जाना होता हैं। नहर पार को ही काट दिए जाने से किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा ।

उक्त नहर लाइनिंग कार्य ग्राम टुंडरी में नहर क्रमांक-10 में चल रहा है, जहां पर पोकलेन मशीन से नहर पार जो की 15 से 20 फीट चौड़ा था, इसे काटकर उड़ा दिया गया है और इसी मिट्टी से ही नहर लाइनिंग कार्य में नियम विरुद्ध तरीके से निर्माण कार्य किया जा रहा है। जबकि नियमतः नहर लाइनिंग निर्माण कार्य में बाहर या दूर से मुरूम या मिट्टी लाकर निर्माण किए जाने का प्रावधान है। जल संसाधन विभाग और ठेकेदार की मिली भगत से नहर पार को काट कर नियम विरुद्ध कार्य किया जा रहा है ।क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता छत्रसाल साहू, ललहा साहू, मोहन रात्रे ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।





### दोबारा बनवा दिया जाएगा

नहर पार काटा गया उसे दोबारा बनवा दिया जाएगा, अभी मैं सुशासन तिहार में व्यस्त हूं। साथ ही इसकी विस्तृत जानकारी प्रशासकी स्वीकृति, कार्य संपादन अवधि, ठेकेदार का नाम आदि बाद में देखकर बता पाऊंगा।

**अतुल कुजुर,** इंजीनियर

### ठेकेदार ने गलती की है

ठेकेदार ने गलती की है। पास में मिट्टी नहीं होने से नहर पार को काटा गया है, उसे पुनः बनवा दिया जाएगा और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा भविष्य में होने नहीं दी जाएगी।

**शिवकुमार चंद्राकर,** अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन विभाग

## खोखली में आयोजित समाधान शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री हुए शामिल

# सुशासन तिहार से लोगों में बढ़ा सरकार के प्रति विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के प्रभारी एवं स्वस्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बुधवार क़ो सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत खोखली में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर प्रभारी मंत्री जायसवाल ने अनेक विकास कार्यों की सौगात दी, जिसमें ग्राम पंचायत खोखली में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन, पंचायत भवन, तालाब सौन्दर्यीकरण मनरेगा अभिसरण से, ग्राम पंचायत बोडतरा में गौरव पथ निर्माण, गाड़ाडीह में पंचायत भवन, सेमरिया के प्राथमिक शाला में आहाता निर्माण, मझगांव में प्राथमिक शाला भवन शामिल हैं। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 183 हितग्राहियों क़ो लाभान्वित किया गया।

- विभिन्न योजनाओं के तहत 183 हितग्राही हुए लाभान्वित





शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृव में हमारी सरकार डेढ़ साल में पिछले सरकार के पांच साल के कार्यकाल बराबर काम किया है। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविर में लोगों की समस्या का त्वरित निराकरण एवं योजनाओं का लाभ मिलने से सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने पारदर्शी शासन व्यवस्था क़ो रेखांकित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में आये सकारात्मक बदलाव क़ो महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना में पुनः पंजीयन हेतु जल्द पोर्टल शुरू होगा। उन्होंने इस दौरान कृषक उन्नति योजना के तहत धान बिक्री करने वाले किसान केजऊ राम पाल, परस राम वर्मा एवं वेदप्रकाश आडिल से राशि का उपयोग की जानकारी ली।

### शिविर में कुल 4495 आवेदन प्राप्त

किसानों ने बताया कि धान की राशि का मकान बनाने, दुकान का विस्तार एवं अन्य घरेलु कार्यों में उपयोग किया है। कार्यक्रम क़ो पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि खोखली क्लस्टर में 10 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। शिविर में कुल 4495 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 4466 मांग एवं 39 शिकायत से सबंधित हैं। इस दौरान प्रभारी मंत्री जायसवाल ने जिला प्रशासन द्वारा मोर गांव, मोर पानी पर निर्मित वृत्त चित्र का विमोचन किया। इस वृत्त चित्र में जिले में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत सोखता गड्ढा निर्माण, तालाबों की सफाई सहित पानी बचाने के प्रयास क़ो दिखाया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन कुमार साहू, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, अमर मण्डावी, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सरपंच आशीष चतुर्वेदी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कोचिया से 7.200 लीटर शराब और बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के कोट रोड पुल से आरोपी मोहित पुत्र कौशल प्रसाद साहू निवासी कसडोल वार्ड-8 के कब्जे से 7.200 लीटर अंग्रेजी शराब जम्मू सपेशल विहस्की सहित 1 वाहन होण्डा ड्रीम योगा जब्त की गई। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी जलेश कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### मोबाइल-बाइक की लूट 4 के खिलाफ केस दर्ज

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र के चंडीनगर में लूटपाट की घटना हो गई। शौच करने जा रहे एक व्यक्ति को चार युवकों ने रोककर उसका मोबाइल और बाइक लूटकर फरार हो गए।




घटना 27 मई की तड़के करीब 5.45 बजे की है। प्रार्थी होमराम साहू निवासी सृष्टि इम्पीरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घटना के समय अपनी बाइक से शौच के लिए घर से निकला था, तभी रास्ते में दो स्कूटी पर सवार चार युवक उसके पास पहुंचे और रास्ते में रोककर उसका वाहन और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 309-6, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### निर्माणाधीन मकान से एक लाख की चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने निर्माणाधीन मकान में चोरी की घटना के मामले में केस दर्ज किया है। प्रार्थी हरीश कुमार तारवानी निवासी टिल्लू चौक लाखेनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई



है कि देवपुरी में उसका मकान निर्माणाधीन है। उक्त मकान में 24-25 मई की दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर अंदर घुसा और 2 नग ब्रेकर मशीन, ड्रिल मशीन व अन्य सामान चोरी कर ले गया। चोरी गए सामानों की कुल कीमत लगभग एक लाख रुपए आंकी गई है।

### लैपटॉप-मोबाइल पार

**रायपुर।** सत्यम विहार कॉलोनी स्थित एक घर से अज्ञात चोर लैपटॉप और मोबाइल चोरी कर ले गया। प्रार्थी मानिका साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत 13 मई की रात उसके घर का दरवाजा खुला हुआ था।



इसी दौरान कोई अज्ञात चोर घर में प्रवेश किया और एक लैपटॉप और मोबाइल चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर धमकी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी प्रदीप यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 मई को शाम साढ़े छह बजे वह काम से घर आ रहा था। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला अमित यादव मिला, जिसने शराब पीने के लिए उससे पैसों की मांग की। उसने जब इंकार किया तो इस बात पर आरोपी ने चाकू से मार दूंगा कहते हुए धमकी दी और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

---

अच्छी ग्रेडिंग के लिए लेन-देन की शिकायत आने के बाद 700 प्राध्यापकों को यूजीसी ने किया था बाहर

# इंतजार करता रहा दुर्गा कालेज, नहीं आई नैक टीम, वर्चुअल निरीक्षण, ऐसा प्रदेश में पहली बार

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राजधानी के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित दुर्गा महाविद्यालय में नैक टीम ने आने से ही इनकार कर दिया। महाविद्यालय प्रबंधन नैक ग्रेडिंग के लिए आवेदन करने के बाद निरीक्षण का इंतजार कर रहा था, लेकिन अंतिम वक्त में नैक टीम द्वारा वर्चुअल निरीक्षण का फैसला किया गया। प्रदेश में यह पहली बार है, जब नैक ने किसी महाविद्यालय का निरीक्षण वर्चुअल मोड में किया गया है। देशभर में अब तक दो राज्यों में इस तरीके ने निरीक्षण किया गया है। इसमें महाराष्ट्र के 2 महाविद्यालय तथा पं.बंगाल का एक महाविद्यालय शामिल है।

भौतिक निरीक्षण के लिए आने पर टीम दो दिनों तक महाविद्यालयों का निरीक्षण करती है। वर्चुअल निरीक्षण के दौरान भी दो दिनों तक कैंपस का जायजा लिया गया। प्राध्यापकों से सवाल भी पूछे गए। महाविद्यालय द्वारा नैक टीम को निरीक्षण के लिए तीन तिथियां दी गई थी। नैक ने वर्चुअल निरीक्षण 16 व 17 मई को किया। इस दौरान वे संपूर्ण प्रक्रिया अपनाई गई जो ऑफलाइन निरीक्षण के दौरान अपनाई जाती रही है।

**महाराष्ट्र के 2 तथा पश्चिम बंगाल के एक महाविद्यालय का निरीक्षण इसी पद्धति से**

### ग्रेडिंग का महत्व दक्षिण के महाविद्यालयों में अधिक

निजी महाविद्यालय संघ के सचिव डॉ.देवाशीष मुखर्जी के मुताबिक, नैक ग्रेडिंग का महत्व अपेक्षाकृत दक्षिण भारत के महाविद्यालयों में अधिक है। यहां पालक और छात्र ग्रेडिंग देखकर ही दाखिला लेते हैं। इसके उलट मध्य भारत के महाविद्यालयों में छात्र शासकीय तथा प्राचीन और प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में प्रवेश लेते हैं। यह भी एक कारण है कि अच्छी ग्रेडिंग प्राप्त करने के लिए दक्षिण भारत के महाविद्यालयों द्वारा अधिक राशि दिए जाने की बात सामने आई। हालांकि प्रदेश के महाविद्यालयों में भी नैक रिश्वत कांड से पहले नैक ग्रेडिंग के लिए आने वाली टीम का स्वागत किसी बाराती की तरह किया जाता रहा है।



### रविवि ने पहली बार जताई असंतुष्टि

पं.रविशंकर शुक्ल विवि को नैक द्वारा दो वर्ष पूर्व बी प्लस ग्रेड दिया गया था। इससे असंतुष्ट रविवि द्वारा पांच वर्ष पूर्ण होने के पहले ही दोबारा ग्रेडिंग के लिए आवेदन दिया है। रविवि के इतिहास में यह पहली बार है, जब विवि द्वारा नैक ग्रेडिंग से असंतुष्टि जताते हुए दोबारा आवेदन दिया गया हो। सूत्रों के अनुसार, रविवि ने इसके लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई पूर्ण करते हुए मांगे गए दस्तावेज भेज दिए हैं। यहां भी जल्द ही नैक टीम के निरीक्षण के लिए आने और विश्वविद्यालय को नई ग्रेडिंग मिलने की संभावना है।

### नैक का प्रस्ताव

यह हमारा फैसला नहीं था। नैक का प्रस्ताव था। हमारे पास कोई विकल्प नहीं था। देश के दूसरे राज्यों में ऐसा हो चुका है, लेकिन छग में दुर्गा महाविद्यालय पहला है।

**- डॉ. प्रोतिभा मुखर्जी,** प्राचार्य दुर्गा महाविद्यालय

### यूजीसी के पास निरीक्षण के लिए प्राध्यापक नहीं

गौरतलब है कि बीते दिनों महाविद्यालयों को अच्छी ग्रेडिंग देने के बदले रिश्वत नैक टीम द्वारा रिश्वत लेने का मामला सामने आया था। देशभर के महाविद्यालयों में नैक निरीक्षण के लिए एक हजार प्राध्यापकों की टीम यूजीसी ने बनाई थी। रिश्वत का मामला सामने आने के बाद यूजीसी ने 700 प्राध्यापकों को बाहर का रास्ता दिखाया था। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, इन 700 प्राध्यापकों को बाहर निकाले जाने के बाद यूजीसी के मैन पॉवर में कमी आ गई है। यही कारण है कि प्रत्येक महाविद्यालय में ग्रेडिंग के लिए टीम नहीं भेजी जा रही है। इसके अलावा रिश्वत संबंधित मामले से खराब हुई छवि को भी सुधारने की कोशिश नैक कर रहा है। यूजीसी द्वारा नैक ग्रेडिंग के लिए दो विकल्प भी दिए जा रहे हैं। इनमें से पहला विकल्प ऑनलाइन है। इसे स्वीकार करने पर महाविद्यालय को संपूर्ण दस्तावेज यूजीसी को ऑनलाइन भेजने होंगे। इसके बाद महाविद्यालय को ग्रेडिंग नहीं दी जाएगी, उन्हें केवल नैक ग्रेडेड होने का तमगा मिलेगा। जबकि दूसरा विकल्प ऑफलाइन का है। इसका चुनाव करने पर पूर्व की भांति टीम निरीक्षण के लिए आएगी और ए, बी, सी सहित अन्य ग्रेड देगी। दुर्गा महाविद्यालय द्वारा दूसरे विकल्प का चुनाव किया गया था, लेकिन टीम ने वर्चुअल निरीक्षण किया।

---

# राज्य सूचना आयुक्त पद के लिए आज होगा इंटरव्यू कई पूर्व अफसर दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 28 मई को इंटरव्यू होगा। इससे पहले आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए दावेदारों के इंटरव्यू का काम पूरा हो गया है। इसके लिए बनाई गई कमेटी ने इंटरव्यू के बाद नाम की अनुशंसा राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग को सौंप दी है। अब सरकार मुख्य सूचना आयुक्त के नाम की घोषणा करेगी। राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और



आयुक्त का पद लंबे समय से खाली है। राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईएएस एमके राउत 2022 में आयोग से विदा हो गए थे। इसी तरह आयोग में आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईएएस अशोक अग्रवाल भी नवंबर 2022 में ही सेवानिवृत्त हो गए थे। तब से दोनों पद खाली है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दोनों पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे, लेकिन नियुक्ति नहीं हो पाई थी। अब मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए इंटरव्यू हो चुका है, जबकि राज्य सूचना आयुक्त के लिए 28 मई को इंटरव्यू होना है। इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों पदों पर जल्द नियुक्ति का आदेश जारी होगा।

**दोनों पदों के लिए ये हैं प्रमुख दावेदार** _सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के दो पदों के लिए 33 दावेदार हैं, इसी तरह राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 51 दावेदारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। मुख्य सूचना आयुक्त के प्रबल दावेदारों में राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा, पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी, पूर्व आईएएस संजय कुमार अलंग, त्रिलोकचंद महावर और उमेश कुमार अग्रवाल के नाम हैं।

---

# नगर में राष्ट्रीय रेजांगला कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रेजांगला रज कलश यात्रा का सरायपाली नगर आगमन हुआ। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में इस पवित्र रज कलश यात्रा का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में किया गया।

यह कलश यात्रा रायगढ़ सारंगढ़ मार्ग से होते हुए झिलमिला पुराना चेक पोस्ट चौक पहुंचने पर सामाजिकजनों द्वारा स्वागत किया गया। पश्चात इस कलश यात्रा को झिलमिला चौक से बाइक रैली द्वारा पूरे नगर में भ्रमण कराकर पीडब्लूडी के विश्राम गृह में श्रद्धांजलि सभा में परिवर्तित हुआ। इस सभा में 1962 के भारत-चीन के भीष्ण युद्ध में रेजांगला पोस्ट पर 114 वीर सैनिक शहीद हुए थे, इसमें 112 सैनिक अहीर यादव थे। भारत देश की खातिर बलिदान देने वाले इन्हीं सैनिकों की याद में यह रज कलश यात्रा आरंभ किया गया है, जो पूरे भारत देश में भ्रमण कर रहा है। रज कलश यात्रा का सरायपाली नगर में




आगमन का गौरव प्राप्त हुआ। इस सभा में भारत सरकार से अहीर रेजिमेंट की मांग की गई। इस राष्ट्रीय रज कलश यात्रा में कलश को लेकर राष्ट्रीय सह संयोजक किरण कुमार यादव, राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एसडी यादव, अर्जुन यादव, अजय यादव, अश्वनी यादव, जिला अध्यक्ष रायगढ़ संतोष यादव, सारंगढ़ जिला संरक्षक राम नारायण पुजारी यादव,जिला अध्यक्ष सारंगढ़ राजेंद्र यादव सरायपाली पहुँचे थे। कलश को अपने हाथ लेकर रथ में नरेंद्र कुमार यादव द्वारा पूरे शहर का भ्रमण कराया गया। सभा में मंच पर प्रमुख रूप से संरक्षकगण मनोरथ लाल यादव, ध्रुव मलिक यादव, रथराम यादव व कार्यकारी जिला अध्यक्ष पवन यादव, पूर्व सैनिक मदन दीप यादव, रामरथ यादव हेमन्त यादव, मनीराम यादव, भीम यादव आदि मंचासीन थे। स्वागत के दौरान राजेंद्र कुमार यादव राजू, जय यादव, नंदलाल यादव, वीरेंद्र यादव, करण यादव, मोहन यादव, टिंकू यादव, फगुलाल यादव, संजू यादव, शैलेंद्र यादव, महेंद्र यादव, पदमन यादव, निर्मल यादव, मयंक यादव, तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अंबर यादव, योगेश यादव, ऋषि यादव, लक्षित यादव, देवेश यादव, दिव्य यादव, भूपेश यादव, गोलू यादव, चंदकिशोर यादव एवं दिनेश कुमार यादव उपस्थित थे। सभा कार्यक्रम का संचालन दाशरथी यदु ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने किया।

---

# जिले के 20 स्काउट-गाइड पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर के लिए पचमढ़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन 29 मई से 2 जून तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पचमढ़ी मध्यप्रदेश में आयोजित किया गया है। इस शिविर में महासमुंद जिला से 20 प्रतिभागी स्काउट, गाइड, रोवर, रेजर, प्रभारी भाग ले रहे हैं।

शिविर में जाने से पूर्व स्काउट गाइड के जिला प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद में सभी प्रतिभागी को शिविर के आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, उपाध्यक्षगण जय पवार, आनंद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय कुमार लहरे, जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस, मुख्यालय आयुक्त स्काउट नंद किशोर सिन्हा, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर, डीओसी स्काउट अवधेश विश्वकर्मा, ब्लाक सचिव लता




वैष्णव, प्रभारी के रूप में पचवढ़ी जाने वाले राजकुमारी बंजारे, गगन तोंडेकर एवं स्काउट गाइड उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे जिलाभर से इस शिविर में शामिल होने के लिए 20 लोगों का चयन किया गया है। आप सौभाग्य शाली हैं, जो आपका चयन इस शिविर के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की तारीफ नहीं होती है, उनके व्यक्तित्व की तारीफ होती है, हम जिस कुर्सी पर बैठे हैं उस कुर्सी में हमारा व्यवहार कैसा हो, हम कैसे अनुशासित रहें, इस बात पर हमें ध्यान देना चाहिए। सीखने की कोई उम्र नहीं होती, स्काउट हमें समर्पण सिखाता है।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय कुमार लहरे ने स्काउट गाइड को आशीर्वचन के रूप में कहा कि जहां आप जा रहे हैं, बहुत ही शानदार जगह है। शिविर से व्यकित्व विकास, मानसिक विकास और शरीर का विकास होता है। मानसिक विकास सोचने समझने दोनो गुणों का विकास स्काउट गाइड से जुड़ने से होता है। गाइड कमिश्नर अमी रूफस ने बच्चों से कहा कि ये बहुत ही सुनहरा अवसर है कि आपका चयन इस शिविर के लिए किया गया है। शिविर में आप सभी अपने प्रभारी शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही कार्य करेंगे, कोई भी ऐसा कार्य नहीं करेंगे, जिससे हमारे जिले का नाम खराब हो। स्काउट गाइड हमें अनुशासन सीखाता है, हमें अनुशासित रहकर ही शिविर के नियमों का पालन करना होगा। कार्यक्रम का संचालन डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया।

---

# पुलिस ने तस्करों को दबोचा, चीतल की खाल-हिरण के सींग जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग की टीम ने मंगलवार को राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड पर ज्ञान गंगा स्कूल के पास जानवरों की खाल और अवशेषों की तस्करी करने वाले एक गिरोह को पकड़ा है। इसके कब्जे से चीतल की खाल और हिरण की 5 सींग बरामद की गई हैं। ये तीनों बोलेरो वाहन में सवार होकर रायपुर में जानवर की खाल और अवशेष को बेचने के लिए पहुंचे थे। इनमें दो आरोपी कसडोल क्षेत्र के और एक रायपुर का रहने वाला है। विभागीय अधिकारी के अनुसार खाल और सींग का लगभग दो लाख रुपए में सौदा हुआ था। इस सौदे के तहत तीनों आरोपी मौके पर खरीदार का इंतजार कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि इस कार्रवाई में खरीदार का पता नहीं चल पाया है। विभाग उसके बारे में तस्करों से पूछताछ कर रही है। वन विभाग रायपुर को मुखबिर से सूचना मिली कि अपरान्ह करीब 3 से 4 बजे के दौरान बोलेरो वाहन से कुछ लोग जानवरों की खाल और अवशेषों को बेचने के लिए कसडोल से रायपुर स्थित विधानसभा रोड पर ज्ञान गंगा स्कूल के पास आने वाले हैं। इस सूचना पर एसडीओ व राज्य स्तरीय उड़न दस्ता प्रभारी संदीप सिंह और वन मंडल रायपुर उड़नदस्ता प्रभारी रेंजर दीपक तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने तस्करों को पकड़ने के लिए दो घंटे पहले से ही मौके पर जाल बिछाया। अपरान्ह करीब 3.45 बजे एक बोलेरो वाहन मौके पर पहुंचा, जिस पर तीन लोग सवार थे। टीम ने थोड़ी देर इंतजार करने के बाद घेराबंदी कर बोलेरो वाहन को पकड़कर उसकी तलाशी ली, जिसमें से चीतल की खाल और हिरण के 5 सींग बरामद किए।

---

# गांव वालों के विरोध के बीच नंदनवन से जंगल सफारी शिफ्ट हुए तेंदुआ और लकड़बग्घा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गांववालों के विरोध के बीच आखिरकार मंगलवार को नंदनवन में सालों से विभागीय अनदेखी के शिकार हो रहे 3 तेंदुआ और एक लकड़बग्घा को जंगल सफारी में शिफ्ट कर दिया गया। विरोध में उतरे ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया है कि नंदनवन में मौजूद हिरणों की शिफ्टिंग नहीं की जाएगी।

■ नंदनवन में हो रहे थे विभाग की अनदेखी के शिकार

अधिकतर जानवरों को जंगल सफारी में शिफ्ट किये जाने के बाद नंदनवन उजाड़ सा हो गया है। कुछ समय पहले यहां एक उम्रदराज तेंदुआ की मौत हो गई थी। इसके बाद यह बातें सामने आने लगी थीं कि 40 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के होने के बाद भी यहां जानवरों का देखभाल अच्छे से नहीं की जाती। विवाद के बाद जानवरों को जंगल सफारी शिफ्ट किये जाने पर सहमति बनी थी। सोमवार को विभागीय स्तर पर इसकी तैयारी थी, मगर आसपास के ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया। उनका तर्क था कि सारे जानवरों को जंगल सफारी ले जाने से यहां कोई भी पर्यटक नहीं आएगा और पचास साल पहले बना नंदनवन वीरान हो जाएगा। काफी समझाने के बाद ग्रामीण हट गए, मगर मंगलवार को शिफ्टिंग के दौरान फिर समस्या आन खड़ी हुई। ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि नंदनवन में मौजूद हिरणों को शिफ्ट नहीं किया जाएगा। इससे पर्यटकों की आवाजाही यहां बनी रहेगी। अफसरों के इस वायदे के बाद तेंदुआ और लकड़बग्घों की शिफ्टिंग पूरी हुई।

---

अब तक रविवि अध्ययनशाला में ही थी यह व्यवस्था, कॉलेजों में मेरिट के आधार पर मिलते रहे हैं दाखिले

# दिल्ली विवि की तर्ज पर रविवि के कॉलेजों में भी दाखिले के लिए परीक्षा, फिलहाल केवल लॉ में प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा डीयू की तर्ज पर प्रयोग करते हुए विधि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नई व्यवस्था बनाई गई है। अब रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित विधि पाठ्यक्रम में भी दाखिले के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा दिलानी होगी। इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित बीएएलएलबी और एलएलएम पाठ्यक्रम में दाखिले विवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से दिए जाएंगे। ऐसे में जो छात्र इन विषयों में एडमिशन लेना चाहते हैं।

**रविवि द्वारा जारी की गई अधिसूचना, प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से ही मिलेगा विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश**

### सीट से कई गुना अर्जी

जिन पाठ्यक्रमों में सीट से कई गुना अर्जी आती है, उसमें ही यह फॉर्मूला अपनाया जाता है। फिलहाल विधि पाठ्यक्रम में ही यह स्थिति है। बीए, बीकॉम आदि में अंतिम चरण तक प्रवेश मिल ही जाते हैं।

**- डॉ.देवाशीष मुखर्जी,** सचिव निजी महाविद्यालय संघ



### नियम दर किनार कर दाखिले

शासकीय महाविद्यालयों में मेरिट आधार पर ही प्रवेश दिए जाते रहे हैं, लेकिन बीते एक-दो सत्रों से निजी महाविद्यालयों में नियम दर किनार कर दाखिले दिए जाने की शिकायत प्राप्त होती रही है। रविवि सहित प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों में विधि पाठ्यक्रम की सीटें सीमति हैं। इन विषयों में प्रवेश के लिए प्रत्येक वर्ष मारामारी की स्थिति रहती है। छात्रों में लॉ कोर्स के लिए क्रेज भी है। इसका भी फायदा निजी महाविद्यालय उठाते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लॉ संबंधित नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने अथवा पहले से संचालित पाठ्यक्रम में सीट वृद्धि के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता अनिवार्य होती है। कड़े मापदंड होने के कारण ही लॉ सीटें सीमित हैं।

## खबर संक्षेप

### एकता कांट्रेक्टर एसो की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

रायपुर। पंडरी स्थित एक होटल में मंगलवार को एकता कांट्रेक्टर एसोसिएशन की राष्ट्र स्तरीय बैठक हुई। बैठक में महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के इंडियन ऑयल, एचपीसीएल, भारत पेट्रोलियम के लगभग 50 ठेकेदार शामिल हुए। ओडिशा से कुमुद रंजन एवं विभु कल्याण समेत छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से भी अनेक ठेकेदारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक के आरंभ में पूर्व कार्यकारिणी को भंग करते हुए नए चुनाव पर सहमति बनी। इसके बाद यश अग्रवाल एवं अजय दुबे ने अध्यक्ष पद के लिए यशवंत पुरोहित का नाम प्रस्तावित किया, जिसे सभी ने हाथ उठाकर अपना समर्थन दिया। यशवंत पुरोहित ने सचिव पद के लिए अविनाश धामने का नाम प्रस्तावित किया, इन्हें भी सर्वसम्मति से समर्थन प्राप्त हुआ। इसी दौरान समस्त ठेकेदारों ने गंभीरता से चर्चा की और समाधान के लिए निर्णय लेने के लिए समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित करने का सुझाव दिया।

### शिवसेना शिंदे का संगठन विस्तार, आगामी कार्ययोजना पर चर्चा भी

रायपुर। शिवसेना के प्रधान कार्यालय में विगत दिनों एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में यूबीटी के एचएन सिंह, संजय नाग, सनी देशमुख, संतोष मारकंडे, बल्लू जांगड़े, साई प्रजापति, विजय, प्रमोद साहू सहित सैकड़ों शिवसैनिकों शामिल हुए। बैठक में संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसी दौरान बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हिंदुत्व, राष्ट्रहित तथा प्रदेश विकास के उद्देश्यों को लेकर सभी शिवसैनिक अब शिवसेना (शिंदे) पार्टी के नेतृत्व में कार्य करेंगे। इसी दौरान पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए, जिसमें प्रदेश महासचिव एचएन पालीवान और संजय नाग को बनाया गया।

### मेडिकल भत्ते की मांग सड़क पर कृषि विवि के कर्मचारी

रायपुर। कृषि विवि में विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बाद अब मंगलवार को विवि के तकनीकी कर्मचारी भी विरोध-प्रदर्शन पर उतर आए। कर्मचारियों ने विवि प्रशासन पर भेदभावपूर्ण नीतियों का आरोप लगाया है।

**कार्यक्रम : सेन संगवारी संगठन का गठन, उद्देश्य और गतिविधियों की दी गई विस्तृत जानकारी**

# सेन संगवारी कार्यक्रम में युवाओं में दिखा उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सेन संगवारी सामाजिक उत्थान मंच द्वारा सेन मंगल भवन, बलौदाबाजार में प्रथम प्रदेश अभ्यास वर्ग सह प्रदेश योजना बैठक का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाज के सतत विकास, युवाओं के मार्गदर्शन एवं संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत श्रीसेन महाराज और ईष्टदेव बजरंग बली की पूजा-अर्चना व आरती के साथ हुआ। इसके उपरांत मंच के प्रांताध्यक्ष परमानंद सेन द्वारा सेन संगवारी संगठन के गठन, उद्देश्य और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य समाज में रक्तदान, वैवाहिक सहयोग, शिक्षा, रोजगार, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक एवं विधिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाना है। बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु प्रारूप साझा किए गए। प्रत्येक जिले में 50 से 100 रक्तदाताओं की सूची, विवाह योग्य युवक-युवतियों का संकलन, निःशुल्क विधिक सलाह हेतु अधिवक्ताओं की सूची, तथा प्रतिभावान एवं समाजसेवी व्यक्तियों की पहचान व सम्मान जैसे कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।




#### समाज सकारात्मक परिवर्तन की ओर

बैठक के द्वितीय सत्र में छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग के उप संचालक एवं संवाद के डीजीएम राजेश श्रीवास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में युवाओं के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा- मैं सामान्यतः कम सामाजिक कार्यक्रमों में जाता हूं, लेकिन यहां आकर मैं अभिभूत हूं। सुबह 9 बजे से शाम तक युवा जिस धैर्य और गंभीरता से समाज के मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं, वह दर्शाता है कि हमारा समाज एक बड़े सकारात्मक परिवर्तन की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक एवं संरक्षक हरेन्द्र उमरे द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला संयोजकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

#### संगठन को दी 51 हजार की सहायता

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी भवानी शंकर श्रीवास ने मंच के कार्यों से प्रभावित होकर 51 हजार का सहयोग देने की घोषणा की।
कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुलेश्वर श्रीवास, विधिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हरेन्द्र उमरे, जिला अध्यक्ष बसंत श्रीवास, पूर्व प्रदेश सचिव कृष्णा सेन सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। रक्तदान व नशामुक्ति क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए द्वारिका धीश सेन बिलासपुर, विजय सेन लाहोद, ओम शंकर श्रीवास कवर्धा एवं मुकेश सेन को सम्मानित किया गया।
प्रदेश संरक्षक हरेन्द्र उमरे ने जानकारी दी कि प्रथम प्रदेश अधिवेशन दिसंबर 2025 में दुर्ग-भिलाई एवं द्वितीय अभ्यास वर्ग जून 2026 में गरियाबंद में प्रस्तावित है। बैठक में प्रदेश भर से 10 जिलों के 32 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए, जिन्होंने समाज के उत्थान हेतु समर्पण भावना से संगठन के आगामी कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

# बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की लगातार हो रही कटौती से लोग परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते दो महीनों से कोई ऐसा दिन नहीं गया जब बिजली बाधित न हुई हो। दिन हो या रात, कभी भी बिजली बंद कर दी जाती है, जिससे आमजन, खासकर महिलाएं, बच्चे और व्यापारी वर्ग प्रभावित हो रहे हैं।

- ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से हाहाकार, महीनो से जारी संकट से लोग बेहाल

गांव के निवासी बताते हैं कि भीषण गर्मी में बिजली की बार-बार कटौती से बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। आज के समय में ऑनलाइन शिक्षा एक अहम माध्यम बन चुकी है, परंतु बिना बिजली के मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरनेट जैसी बुनियादी जरूरतें ठप हो जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मच्छरों का प्रकोप और बिजली की अनुपस्थिति ने रातों की नींद हराम कर दी है।

व्यापारी वर्ग ने भी बिजली संकट को लेकर चिंता जाहिर की है। फोटोकॉपी, प्रिंटिंग, ऑनलाइन फॉर्म भरने और लेनदेन जैसे डिजिटल कार्यों में रुकावट आ रही है। छोटे व्यवसायियों का कहना है कि बिजली न होने के कारण उनका व्यापार ठप हो रहा है। तहसील और थाने जैसे सरकारी कार्यालयों का भी अधिकतर कार्य ऑनलाइन प्रणाली पर निर्भर है, लेकिन बिजली के अभाव में प्रशासनिक कार्यों में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों की मांग है कि बिजली आपूर्ति को नियमित किया जाए और इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि आज जब देश में विज्ञान और तकनीक तेजी से आगे बढ़ रही है, तब भी बिजली व्यवस्था पुराने ढर्रे पर चल रही है। मामूली बारिश होते ही बिजली काट दी जाती है, जो बड़े शहरों में नहीं होता। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि वे इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान लें और बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाएं।

# राज्यपाल पुरस्कार अलंकरण से जिले के 55 स्काउट्स गाइड्स सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय राज्यपाल पुरस्कार अलंकरण समारोह राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राजभवन सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) विजय यादव, राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री शिवानी गणवीर, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) शैलेन्द्र कुमार मिश्रा एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पांडेय सहित विभिन्न जिलों के वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।




इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त अजय गोपाल, जिला शिक्षाधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट एलपी पटेल, जिला आयुक्त गाइड सोमा सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में एवं जिला सचिव डॉ. पूनम सिंह साहू के नेतृत्व में सर्वश्रेष्ठ रोवर अनुज साहू, सर्वश्रेष्ठ स्काउट दीपक सिंह ठाकुर को राज्यपाल अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें स्काउटिंग के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान एवं सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया। जिले से स्काउट शुभम निषाद, गाइड आंचल पटेल एवं रोवर राजमणी बंजारे को राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनके अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व कौशल को राज्य स्तर पर मान्यता मिली।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बांटे गए सैनिटरी नैपकिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा मितानिनों द्वारा जन समुदाय में जागरूकता के प्रचार-प्रसार हेतु रंगोली, चित्रकला, परिचर्चा जैसे कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में किशोरियों एवं महिलाओं के साथ बैठक कर मासिक धर्म के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें उचित माहवारी प्रबंधन, खान-पान, माहवारी के दौरान स्वच्छता, गलत धारणाओं आदि के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन भी वितरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि माहवारी एक प्राकृतिक क्रिया है, जिसके माध्यम से महिलाओं में प्रजनन क्षमता विकसित होती है। लड़कियों के शरीर में माहवारी एक साधारण प्रक्रिया है इससे यह भी पता चलता है कि शरीर का सही विकास हो रहा है, इसमें घबराने, चिंतित होने, डरने या शर्माने की कोई बात नहीं है।

माहवारी के दौरान अच्छे से खाना-पीना, योग, व्यायाम करना सही है इसमें खेल-कूद, दौड़ना रस्सी कूदना आदि में किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं होनी चाहिए। माहवारी के दौरान अधिक खून बहने से खून की कमी हो सकती है।





इसके लिए किशोरियों को साप्ताहिक आईएफए की नीली गोली का सेवन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त हरी पत्तेदार सब्जियों के साथ विटामिन-सी से भरपूर फल और सब्जियों का सेवन भी करना चाहिए। हर 6 माह में एल्बेंडाजोल की गोली का भी सेवन करना चाहिए और अधिक जानकारी के लिए नजदीक के स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते है।

# शनिदेव जन्मोत्सव पर विहिप-बजरंगदल ने की मंदिरों की सफाई



बलौदाबाजार । ग्राम नयापारा डमरू में मंगलवार को शनिदेव जन्मोत्सव पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंगदल की नवगठित खंड एवं ग्राम इकाई द्वारा भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गांव के मंदिरों की सफाई, पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण कर धर्म-संस्कृति के प्रति अपनी निष्ठा और सेवाभाव का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल मंदिर परिसरों की साफ-सफाई से हुई। तत्पश्चात शनिदेव की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। शाम के समय सभी ग्रामवासियों को प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। धार्मिक वातावरण से ओत-प्रोत इस आयोजन का समापन रामायण पाठ के साथ किया गया। इस पावन आयोजन में विहिप डमरू खंड अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, बजरंगदल खंड संयोजक आदित्य यद्दु, ग्राम अध्यक्ष आनंद साहू, उपाध्यक्ष सालिक राम पाल, मंत्री महेश पाल, सहमंत्री भुनेश्वर यादव, सत्संग प्रमुख योगेश साहू, ग्राम संयोजक गोविंद गिरी गोस्वामी, सह संयोजक यंगम साहू, साप्ताहिक मिलन प्रभारी रंजीत साहू, गौरक्षा प्रमुख मुकेश पाल, अखाड़ा प्रमुख राम अवतार यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मनरेगा श्रमिकों के लिए लगा विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

ग्राम गोविंदवन में व्यवहार न्यायाधीश प्रेरणा वर्मा के नेतृत्व में मनरेगा कार्यस्थल पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति सजग बनाना रहा।

शिविर के दौरान महिलाओं को बाल विवाह, घरेलू हिंसा, निःशुल्क विधिक सहायता, लैंगिक समानता, तथा महिला उत्पीड़न के विरुद्ध कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, बाल विवाह के सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों को रेखांकित करते हुए महिलाओं ने इसके खिलाफ शपथ ली और इसे जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्प लिया।

नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिनमें शामिल हैं: बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, गरीबों हेतु विधिक सहायता योजना, आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा हेतु विधिक सेवाएं, एसिड हमलों के पीड़ितों के लिए विशेष विधिक सहायता योजना,



श्रमिकों को बताया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में वे नालसा की हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

शिविर में अधिवक्ता यज्ञ कुमार सिंह, विष्णु साहू, मनोहर जाटवर, पीएलबी सीमा साहू, रमेश चौहान, सूर्य कुमार सिंह, सरपंच उमाशंकर साहू, हेमंत जाटवर (सचिव) और रोजगार सहायक सहित अनेक गणमान्यजनों की उपस्थिति रही। सभी ने महिलाओं को विधिक जानकारी देने में सक्रिय योगदान दिया।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| बलौदाबाजार शहर | 5 पद | योग्यता 12 से स्नातक |
| भाटापारा शहर | 5 पद | |
| कसडोल | 2 पद | वेतन 10000/- |
| लवन | 2 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, लवन क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें 8370049468

| | |
|---|---|
| बलौदाबाजार | - 9926204007, 7898815726 |
| भाटापारा | - 6264463895, 9090090107 |
| कसडोल | - 9425891644, - 9584860177 |
| लवन | - 9179250793 |

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

**शपथ पत्र**

जयहिन्द वर्मा उर्फ जय कुमार वर्मा उम्र 42 वर्ष पिता श्री जेठूराम वर्मा जाति कुर्मी निवासी वार्ड क्र. 06 माठ तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.)

शपथकर्ता

शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :-
1) यह कि शपथकर्ता का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2) यह कि शपथकर्ता का नाम आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में जयहिन्द वर्मा पिता जेठूराम वर्मा का हैं।
3) यह कि शपथकर्ता के नाम पर एल.आई.सी. में पालिसी हैं जिसका पॉलिसी नं. 358579773, 358579771, 358579768 में जिस पर जय कुमार वर्मा पिता जेठुराम वर्मा नाम दर्ज हैं।
4) यह कि शपथकर्ता को उपरोक्त दोनो नामो से जाना पहचाना व पुकारा जाता है व दोनो नामों की व्यक्ति एक ही है जो स्वयं शपथकर्ता है।
5) यह कि शपथकर्ता यह शपथपत्र अपने नाम के संबंध में प्रस्तुत कर रहा है।
अतः शपथपत्र सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

यह कि शपथपत्र कि कंडिका क्रमांक 01 से 05 में दी गई जानकारी सत्य व सही है। जिसे आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया है।

सत्यापनकर्ता

दिनांक 19/05/2025

# छात्रों ने मराठा संस्कृति, भाषा और इतिहास से कराया परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ, रवान में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर के अंतर्गत मराठी भाषा को समर्पित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सात दिवसीय इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं की विविधता, उनके इतिहास तथा सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराना है।

- अंबुजा विद्यापीठ रवान में मराठी भाषा को समर्पित ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन



विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शिविर के इस मराठी दिवस में छात्रों ने मराठी गीतों की प्रस्तुति दी और पारंपरिक मराठी नृत्य से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाराष्ट्र के पारंपरिक बाजार का जीवंत दृश्य रहा, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मराठी भाषा में नारे लगाए और सब्जियों के नामों का उच्चारण प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस दृश्य ने न केवल दर्शकों को आनंदित किया, बल्कि मराठी भाषा के व्यावहारिक प्रयोग को भी सजीव रूप में प्रस्तुत किया। छात्रों ने मराठा वीरों जैसे छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, नेतृत्व और योगदान को मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करते हुए प्रभावशाली संवाद बोले। इससे विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति रुचि और भाषाई गर्व की भावना का संचार हुआ। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पांडेय ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा, हर भारतीय भाषा अपनी संस्कृति की आत्मा होती है। ऐसी पहल न केवल भाषाई विविधता को सम्मान देती है, बल्कि समावेशिता और राष्ट्रीय एकता को भी सुदृढ़ करती है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सफल प्रयास बताया।

**खबर संक्षेप**

## सामाजिक कार्यकर्ता ने किया मां दंतेश्वरी का दर्शन

**पलारी।** सामाजिक कार्यकर्ता धन्नू साहू ने दंतेवाड़ा में माता दंतेश्वरी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा महाआरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासी का खुशहाली समृद्धि का कामना की। उन्होंने अपने इस यात्रा का अनुभव साझा करते हुए बताया कि यहां पर प्रकृति का अद्भुत नजारा है और बेहद खुबसूरत व शांत है। देश के कोने-कोने से माता के भक्त दर्शन करने यहां आते हैं और माता दंतेश्वरी आशीर्वाद प्राप्त कर खुशहाल होते हैं। मां दंतेश्वरी का दरबार भव्य और अलौकिक है।

## बुजुर्ग से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सिंगारपुर टुकड़ा में एक बुजुर्ग के साथ मारपीट के मामले में सांकरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी बाबूलाल नंद पिता स्व दासरथी नंद (59 साल) सिंगारपुर टुकड़ा ने बताया कि 26 मई की रात करीब 8 बजे जलसाय के घर के सामने खड़े होकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान आरोपी अर्जुन नंद आया गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखा डंडे से सिर पर वार किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## जनपद पिथौरा में शिविर आज से

**महासमुंद।** केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केंद्रीय मोटरयान नियम 1989, साथ ही सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 06 दिसंबर 2018 को जारी अधिसूचना तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक मोटर वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह कार्य परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है, जो राज्य के सभी परिवहन कार्यालयों में एचएसआरपी प्लेट लगाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में कलेक्टर महासमुंद के निर्देश पर जिले में आमजन को जागरूक करने एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद द्वारा 29 एवं 30 मई 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक जनपद कार्यालय पिथौरा में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक वाहन स्वामी इस शिविर में उपस्थित होकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि वे समय पर अपने वाहन पर एचएसआरपी प्लेट लगवाकर नियमों का पालन करें एवं कानूनी कार्रवाई से बचें।

## शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ग्राम खरोरा के लोग अपने घरों और गांव के आसपास जगह को साफ सफाई अवश्य करें। शहीद स्मारक खरोरा के आसपास जगह पर साफ-सफाई कार्य किया गया।

## महिला आयोग अध्यक्ष 5 को करेंगी प्रकरणों की सुनवाई

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 5 जून को महासमुंद प्रवास पर रहेंगी। प्रोटोकॉल से मिली जानकारी अनुसार डॉ. किरणमयी नायक प्रातः 09 बजे रायपुर से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे महासमुंद विश्राम गृह पहुंचेंगी। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में महासमुंद जिला से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। सुनवाई पश्चात वे शाम 06 बजे रायपुर मुख्यालय के लिए प्रस्थान करेंगी।

# गायत्री परिवार की पहल : नेत्र शिविर में 332 लोगों ने कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पवनी

शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 332 से अधिक लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई और उपचार प्राप्त किया। यह शिविर गायत्री परिवार, सेवा भारती, मिशन यूनिफॉर्म ट्रेनी ग्रुप, बजरंग सेवा समिति, बिरतिया बाबा मंदिर समिति, शाला परिवार एवं नगर पंचायत के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को आंखों की बीमारियों से बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना था। पुजारी लोकेश साहू, पूर्व सैनिक कमल साहू ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आंखों की बीमारियों से बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण लोग अपनी आंखों की समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं। इस शिविर के माध्यम से हम उन्हें आवश्यक जांच और उपचार प्रदान करना चाहते थे। शिविर का आयोजन शासकीय कन्या प्राथमिक शाला पवनी में किया गया, जो बस स्टैंड के पास स्थित है और सभी के लिए सुलभ है। यह स्थान बच्चों और बुजुर्गों दोनों के लिए सुविधाजनक था। शिविर में अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने भाग लिया, जिसमें एम जी एम नेत्र संस्थान के डॉक्टर और उनकी टीम शामिल थी। चिकित्सकों ने आधुनिक उपकरणों का उपयोग करके मरीजों की आंखों की जांच की और उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान किया।

### उपचार बाद 151 मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया

#### मरीजों के आंखों की जांच की गई



332 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें दृष्टि परीक्षण, मोतियाबिंद, ग्लूकोमा और अन्य सामान्य आंखों की समस्याएं शामिल थी। 151 मरीजों को चश्मे की आवश्यकता थी, उन्हें निशुल्क चश्मा प्रदान किए गए। शिविर को सफल बनाने में नंद कुमार साहू, अरुण साहू, तुमन साहू, लोकनाथ साहू, जनक साहू, संदीप श्रीवास, मोहन साहू, मनोज साहू, टूकेश्वर साहू, कमलेश, रिंकू चौहान, हरिनारायण साहू, अनिल सोनी, मनोज साहू, राजकुमार साहू, सोमनाथ राकेश, धनेश्वर साहू आदि का सहयोग रहा।

#### मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन

71 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और उन्हें एमजीएम नेत्र अस्पताल में भेजने की व्यवस्था की गई। मरीजों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं। शिविर में 332 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया, जिनमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की संख्या समान रूप से थी। ग्रामीण महिला कुसुम साहू ने कहा मैंने पहले कभी अपनी आंखों की जांच नहीं कराई थी। इस शिविर के माध्यम से मुझे अपनी आंखों की समस्या का पता चला और उपचार मिला। सज्जन साहू ने कहा हमारे गांव में इस प्रकार के शिविरों का आयोजन आवश्यक है। इससे हमें स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होती हैं और हम अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। आयोजक पवनी ने भविष्य में इस प्रकार के और स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की योजना बनाई है। गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है।

### शिविर : हितग्राहियों को बांटी गई अलग-अलग प्रकार की सामग्री

# समाधान शिविर में ग्रामीणों ने रखी अंचल की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी-रावन




छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित “संवेदना से समाधान तक” अभियान के तहत मंगलवार को जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर सुनकर त्वरित निराकरण करना था। जनपद पंचायत सिमगा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम मोहरा क्लस्टर अंतर्गत आने वाले 10 ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदनों का वाचन किया गया।

शिविर में ग्रामीणों ने मोहरा से कठिया मोहरेंगा तक जर्जर सड़क मार्ग की मरम्मत, शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी तथा गांव में व्याप्त पेयजल संकट जैसे मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में खराब सड़कों के चलते आवागमन अत्यंत कठिन हो जाता है। वहीं शिक्षक न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जल संकट के चलते रोजमर्रा की आवश्यकताएं भी बाधित हो रही हैं। इस अवसर पर मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण की जानकारी दी गई और जल स्रोतों के संरक्षण की अपील की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें ग्रामीणों की प्राथमिक जांच की गई। वहीं महिला एवं बाल विकास, राजस्व, कृषि, सामाजिक कल्याण आदि विभागों के काउंटरों पर ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत किए।प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं लाभ प्रमाण पत्र प्रतीकात्मक रूप से प्रदान किए गए। महिला बाल विकास विभाग द्वारा टीएचआर किट एवं पोषण ट्रैकर वितरित किया गया। मत्स्य विभाग ने मछली पालकों को आइस बॉक्स एवं मछली जाल वितरित किए। वन संसाधन विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु जय मावली महिला स्व-सहायता समूह को सुशासन मित्र के रूप में प्रमाण पत्र, टोपी एवं टी-शर्ट प्रदान किया गया।कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, सदस्य मोहन लाल वर्मा, पूर्व सदस्य अदिति बघमार, विधायक प्रतिनिधि करुणा वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, सदस्य करुणा यादव, सारिता चौकसे, ग्राम सरपंच तारिणी जावेद वर्मा, जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदक चेलक, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, पूर्व उपसरपंच राजेश वर्मा, पूर्व सरपंच साधराम नवरंगे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अर्जुनी के समाधान शिविर में 305 हितग्राही लाभान्वित

**अर्जुनी।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा 28 मई को सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली और विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग हितग्राहियो क़ो सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किया।



अर्जुनी क्लस्टर में 10 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। क्लस्टर अंतर्गत कुल 6492आवेदन प्राप्त हुए जिनमे 6411 मांग एवं 81 शिकायत से सम्बधित थे।

शिविर क़ो सम्बोधित करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल से सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों के आवेदनों का त्वरित निराकरण होने से समस्याओं से निजात मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी के सौ फीसदी वायदे को 100 दिन में पूरा की है। यह सरकाऱ काम करके दिखाने वाली सरकार है। योजना लागू होने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है, जिससे आर्थिक समृद्धि व खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आप लोगों के विश्वास क़ो टूटने नहीं देगी। सभी काम पारदर्शिता के साथ पूरा हो रहा है। गांव से लेकर शहर तक विकास दिख रहा है। शिविर को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा अमर मण्डावी सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लोकनाथ दीवान सरपंच कविता ध्रुव उपसरपंच विष्णु साहू सचिव राजेश साहू भूषण वर्मा हरिकिशन वर्मा प्रहलाद श्रीवास करीम अली खान पटवारी भुवनेश्वर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दिल्ली में ओबीसी सम्मेलन विधायक संदीप साहू हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

जाति जनगणना और ओबीसी समाज के हक की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में ओबीसी सम्मेलन आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू भी शामिल हुए। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति आभार प्रकट किया। विधायक संदीप साहू ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस साहस और स्पष्टता के साथ जातिगत जनगणना और ओबीसी समाज के अधिकारों की पैरवी की है, वह ओबीसी समाज के लोगों के सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल आंकड़ों की नहीं बल्कि अधिकारों और प्रतिनिधित्व की है। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उपस्थित थे। साथ ही देशभर से आए विधायक, ओबीसी समाज के नेता जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विचारक बड़ी संख्या में शामिल हुए और सभी ने एक स्वर में जातिगत जनगणना की आवश्यकता और ओबीसी समाज को उसका वास्तविक हक दिलाने को लेकर विभिन्न विषयों में अपने अपने सुझाव दिए। सम्मेलन में ओबीसी वर्ग के सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक सशक्तीकरण को लेकर व्यापक चर्चा की गई। साथ ही आगामी रणनीति की रूपरेखा भी तय की गई। कार्यक्रम में सभी लोगों ने कहा कि ओबीसी समाज को उनका संवैधानिक अधिकार एवं शिक्षा और रोज़गार सामाजिक न्याय समानता और प्रतिनिधित्व के संघर्ष को और मज़बूती से आगे बढ़ाएंगे। यह ओबीसी सम्मेलन समाज के अधिकारों की दिशा में एक बड़ा क़दम माना जा रहा है।



# देव सिंह बने कृषि विभाग के सभापति

**कसडोल।** जनपद सदस्य देव सिंह यादव उर्फ बूटी को जनपद पंचायत कसडोल में कृषि विभाग का सभापति निर्वाचित किया गया है। उनके निर्वाचित होने पर जनपद अध्यक्ष कुसुमलता पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष देवानंद नायक एवं सभी जनपद सदस्य व संजय यादव, अभिषेक अवस्थी व प्रमोद साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय युवा नेता को अवसर प्रदान किया गया है। इससे क्षेत्र सहित कृषि विभाग के योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। इसके अलावा जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 25 से लगें ग्राम सोनपुर, बरपानी, कुशगढ़, कुशभाठा व थरगांव के कृष्ण कुमार यादव, लक्की यादव, विनोद, राजू मुकेश, नीलू, नवीन यादव, हेमंत यादव, युगल किशोर व ललित कुमार साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने यादव के निर्वाचित होने पर बधाई दी।

## पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प



**पलारी।** पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज केंद्रीय मुख्य संरक्षक कपिल कश्यप ने जीवन संगिनी शिक्षिका शालिनी कश्यप के वैवाहिक वर्षगांठ पर दहीमन का पौधरोपण कर इस दिन को प्रकृति के लिए समर्पित किया। उन्होंने बताया प्रकृति से प्रेम करे, जिससे वातावरण में मानवीय अनुकूल एवं लोग प्रेरित होकर प्रदूषण नियंत्रण शुद्ध हवा के लिए हर सुख दुख कार्य की शुरुआत पौधारोपण से करें। इस अवसर पर पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार छत्तीसगढ़ के सदस्य इंद्रकुमार वर्मा, भुपेंद्र, महेश्वर, लक्ष्मण वर्मा, उत्तम वर्मा, मिश्री लाल कश्यप, कुमारी देवी कश्यप, अक्षांश कश्यप, अंशिका कश्यप, शीतल वर्मा, सुनील वर्मा, सीमा वर्मा, कामेश वर्मा, दिव्या वर्मा, सालिक राम वर्मा, एस अंशु धुरंधर, रामकुमार वर्मा, छाया वर्मा, बृजभूषण वर्मा, पारस वर्मा, आशा साहू, रमाशंकर साहू, सोनम विश्नोई देव कश्यप, ईशा कश्यप आदि उपस्थित थे।

# तेल उत्पादन में युवा बनाये अपना कैरियर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

तेल उत्पादन का क्षेत्र आज न केवल पोषण का आधार है, बल्कि यह युवाओं के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की एक सशक्त राह भी बन चुका है। मानव शरीर के संतुलित विकास एवं ऊर्जा के लिए वसा अत्यंत आवश्यक है और तेल उसका प्रमुख स्रोत है। तेल प्रत्येक मानव जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। केवल तेल ही नहीं, बल्कि तेल पेराई से निकले खली से बने हुए उत्पाद भी मानव शरीर व पशु आहार के रूप में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।

- **तेल उत्पादन एवं विक्रय तकनीक विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए अध्यक्ष जितेन्द्र साहू**

उक्त उद्बोधन छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने छत्तीसगढ़ संत कर्मा समाज कल्याण समिति द्वारा तेल उत्पादन एवं विक्रय तकनीक विषय पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि तेल उद्योग में युवाओं का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। यह क्षेत्र न केवल आर्थिक समृद्धि का साधन है, बल्कि सामाजिक उत्थान का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार, सदैव युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर युवा अपना उद्यम स्थापित कर सकते हैं।

तेल उत्पादन एक ऐसा क्षेत्र है जहां परंपरा और आधुनिकता का संगम देखने को मिलता है। यह न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन में नवचेतना का संचार होगा।

वर्तमान समय में तेल उत्पादन एक ऐसा व्यवसाय बनकर उभर सकता है, जो युवाओं को न केवल रोजगार प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें स्वावलंबन की दिशा में भी अग्रसर करेगा। युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे अपनी भूमि पर, अपनी गांव में ही मिट्टी से जुड़े रहकर, स्थानीय संसाधनों के माध्यम से समृद्धि की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। आवश्यकता मात्र इतनी है कि वे क्षेत्रीय मांग और संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त क्षमता की उच्च गुणवत्ता वाली तेल पेराई मशीन स्थापित करें और सुनियोजित ढंग से अपने व्यवसाय की नींव रखें।

छत्तीसगढ़ में तेल उत्पादन की नई क्रांति से परिश्रम, नवाचार और संकल्पशीलता के साथ युवा अपने पैरों पर खड़े होंगे और छत्तीसगढ़ को आर्थिक प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उक्त कार्यक्रम सत्यप्रकाश साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ , नागेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल,,पार्षद संजय साहू, अजय साहू, डॉ. डीएन साह पूर्व एल्डरमैन नप कसडोल, यू आर साहू एवं अन्य सभी लोग उपस्थित रहे।

### कथाकार ने भागवत कथा में कृष्ण-रुक्मणी विवाहोत्सव की कथा सुनाई

# मनुष्य को संकट से मुक्ति दिलाती है गौमाता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी-रावन



ग्राम मोहरा में चल रही भागवत कथा के छठवें दिन बुधवार को पं. नंदकुमार ने भगवान कृष्ण की बाल माधुर्य लीला की कथा सुनायी। आचार्य शर्मा ने बताया कि भगवान कृष्ण ने केवल छः दिन के उम्र में सर्वप्रथम पूतना नामक राक्षसी का वध किया। कंस का भेजा हुआ पूतना भगवान के अस्तित्व को समझ नहीं पायी और कृष्ण को जहर पीला कर मारने की योजना बना कर आयी, लेकिन भगवान कृष्ण ने उनका वध कर उनका उद्धार कर दिया। उन्होंने बताया कि पूतना ही अविद्या माया है। जब मनुष्य के जीवन में अविद्या माया आती है। यह चेतनता की स्थिति तो हो सकती है, लेकिन इसमें जिस वस्तु का ज्ञान होता है, वह मिथ्या होती है। सांसारिक जीव अहंकार अविद्याग्रस्त होने के कारण जगत को सत्य मान लेता है और अपने वास्तविक रूप, ब्रह्म या आत्मा का अनुभव नहीं कर पाता। एक सत्य को अनेक रूपों में देखना एवं मैं, तू, तेरा, मेरा, इत्यादि का भ्रम होना उसे अविद्या के कारण होता है। माखन चोरी लीला, कालिया मर्दन आदि लीलाओं का वर्णन किए। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण गौ माता की महत्ता और सेवा को सरोकार करने के लिए गौ चारण लीला भी किए। मनुष्य अगर जीवन में गौमाता को स्थान देने का संकल्प कर ले तो वह संकट से बच सकता है। मनुष्य को चाहिए कि वह गाय को मंदिरों और घरों में स्थान दें, क्योंकि गौमाता मोक्ष दिलाती है। पुराणों में भी इसका उल्लेख मिलता है कि गाय की पूंछ स्पर्श मात्र से मुक्ति का मार्ग खुल जाता है। उन्होंने बताया कि गाय की महिमा को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। मनुष्य अगर गौमाता को महत्व देना सीख ले तो गौमाता उनके दुख दूर कर देती है। गाय हमारे जीवन से जुड़ी है। उसके दूध से लेकर मूत्र तक का उपयोग किया जा रहा है। गौमूत्र से बनने वाली दवाएं बीमारियों को दूर करने के लिए रामबाण मानी जाती हैं।

